# छात्रों को सदाचार और भ्रष्टाचार के अंतर के बारे में समझाया

**बल्लभगढ़, संवाददाता।** अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को 'जी-20-भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने उदाहरणों के द्वारा सदाचार और भ्रष्टाचार के अंतर को समझाया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि" मानसिक रूप से शपथ लें कि वे भ्रष्टाचार न करेंगे और न ही करने देंगे। डॉ.जी.एस. कपूर ने बताया कि कैसे भ्रष्टाचार स्थायी आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, बाजार की प्रतिस्पर्धा को रोकता है। यह समुदायों और देश की समृद्धि और सुरक्षा में भी बाधा डालता है। संगोष्ठी में एन.एस.एस., स्वच्छता सेनानी टीम, एन.सी.सी., यूथ रेड क्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

छात्रों में जागरूकता और रुचि पैदा करने के लिए कॉलेज परिसर में निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इसमें निबंध लेखन में 74 और पोस्टर मेकिंग में 68 विद्यार्थिओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. के.एल.कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रामचन्द्र, प्रिया अरोरा, नेहा गोयल और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला रहे।



बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र। ● हिन्दुस्तान